<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर आज डाक टिकट जारी करेंगे प्रधानमंत्री, प्रदेश को एक और वंदे भारत ट्रेन की देंगे सौगात।
- झांसी और कानपुर के बीच छत्तीस हजार एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा औद्योगित शहर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–शहर में बनाएंगे एक विशेष हवाई अड्डा।
- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लिया हिस्सा, कहा–ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित हो कि भारत को भी मिले नोबल पुरस्कार।
- देवरिया जिले में हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, चार घायल।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। इसके बाद वह तीन वंदे भारत ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रवाना करेंगे। इन ट्रेन के जरिये मेरठ–लखनऊ, मदुरै–बेंगलुरु और चेन्नई–नागरकोइल पर कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

प्रदेश में वंदे भारत ट्रेन कल से लखनऊ से मेरठ और तीन सितंबर से मेरठ से लखनऊ के बीच चलेगी। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर पूरे हफ्ते चलेगी। वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से दोपहर दो बजकर पैंतालिस मिनट पर रवाना होगी और सवा सात घंटे में रात दस बजे मेरठ पहुंचेगी। लखनऊ से चलने के बाद यह ट्रेन बरेली और मुरादाबाद में रुकेगी। मेरठ से यह ट्रेन सुबह छः बजकर पैंतीस मिनट पर रवाना होगी।

**********

प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए झाँसी और कानपुर के बीच लगभग छत्तीस हजार एकड़ क्षेत्र में एक औद्योगिक शहर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि शहर में एक विशेष हवाई अड्डा भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब निवेशकों की प्राथमिकता में है और उनकी सरकार राज्य में निवेश के इच्छुक निवेशकों और उद्यमियों को हर तरह की मदद और समर्थन देगी।

***लगभग हम लोग 36 हजार एकड़ लैंड में झांसी और कानपुर के बीच में इस नये औद्योगिक शहर को आगे बढ़ाने की कार्रवाई को आगे बढ़ा चुके हैं और तेजी के साथ हम कार्यक्रम बन रहा है। याद करना नोएडा को बसने में 46 साल लगे ओर 46 सालों के बाद वहां एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जेवर अब आ रहा। यहां पर हमने इसके साथ ही फोर लेन की कनेक्टिविटी दे चुके हैं, एक से सुविधाएं देंगे और पहले से ही डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का एक लोड बना, आ चुका है। लखनऊ और उसके आसपास के 6 जनपदों को जोड़ करके यहां पर हम लोग निवेश की अनंत संभावनाएं यहां बनेंगी।***

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बत्तीस औद्योगिक इकाइयों को करीब एक हजार तीन सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। साथ ही चार हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए दस औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट वितरित किए। मुख्यमंत्री ने राज्य में फ्लिपकार्ट कंपनी के दो वेयरहाउस का भी वर्चुअली उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस समय सत्ताईस सेक्टोरल पॉलिसी लागू की जा रही हैं। इसके साथ ही एक सौ पच्चीस सीएम फेलो इन्वेस्ट यूपी के साथ मिलकर उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करने में योगदान कर रहे हैं।

**********

प्रदेश के सड़सठ जिलों में आयोजित की जा रही आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा का आज आखिरी दिन है। परीक्षा को देखते हुए प्रदेश सरकार की ओर से आज भी रोडवेज के बसों में अभ्यर्थियों द्वारा एडमिट कार्ड दिखाने पर निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था दी गई है। कल यह परीक्षा एक हजार एक सौ चौहत्तर केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गई। मेरठ जिले में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर परीक्षा देने का प्रयास कर रहे तीन अभ्यर्थियों को कल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर कड़े इंतजाम किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देशानुसार नकल माफियाओं पर नजर रखने के लिये एसटीएफ, स्थानीय पुलिस और साइबर क्राइम की टीम पूरी तरह से मुस्तैद हैं। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केन्द्रों पर नजर रखी जा रही है।

**********

पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के एक उपाय के रूप में, सरकार ने कल एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया और भविष्य पोर्टल का ई–एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण किया। इन अनूठे उपायों की शुरुआत कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, सरकार जीवन सुगम

बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव विवेक जोशी ने मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ाने के लिए इन उपायों को महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। नयी व्यवस्था में नौ पेंशन फॉर्म को मिला कर एक नया फार्म बनाया गया है, जो पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है।

**********

पेरिस पैरालंपिक में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल ने सौ मीटर की दौड़ टी–पैंतीस में कांस्य पदक जीता है। वह पैरा खेलों में भारत के लिये पदक जीतने वाली पहली धावक है। राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के 43वें दीक्षांत समारोह में शामिल होकर मेधावियों को मेडल देने के साथ ही विद्यार्थियों को उपाधि भी वितरित कीं। समारोह के दौरान राज्यपाल ने उन्चास छात्राओं और बारह छात्रों सहित इकसठ मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये। उन्होंने इस मौके पर सतासी हजार तीन सौ उन्सठ विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर और एक सौ छाछठ विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करनी चाहिए, जिससे अस्सी साल से इंतजार कर रहे भारत को भी नोबल पुरस्कार मिल सके।

राज्यपाल ने गोरखपुर जिले में रावत पाठशाला में आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया और वहां के बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए उन्हें फल व चॉकलेट दिया। । राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए एक चिकित्सा संबंधी फर्स्ट ऐड बॉक्स भी भेंट किया।

**********

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियों का जलस्तर प्रभावित हुआ है। गंगा नदी बलिया जिले में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। वहीं फर्रुखाबाद और वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके अलावा क्वानो नदी गोंडा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं घाघरा नदी बाराबंकी और अयोध्या में खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे हैं। वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें घाटों पर नजर रख रही हैं। गंगा में छोटी नाव का संचालन बंद है। उधर, गाजीपुर में गंगा का जल स्तर चेतावनी बिंदु से ऊपर पहुंच गया है। तटवर्ती इलाकों में प्रशासन की ओर से लोगों को सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। इसके अलावा गोरखपुर में चौंतीस गांव बाढ़ से प्रभावित है। लोगों की सहूलियत के लिये नाव और मोटरबोट लगाई गई हैं। बाराबंकी में दो गांवों में कटान हो रही है, जिससे लोगों की मुसीबते बढ़ गई हैं।

**********

देवरिया जिले के गौरीबाजार थानाक्षेत्र में पोखरभिंडा गांव के पास गोरखपुर देवरिया मार्ग पर एक गैस एजेंसी से जुड़े चारपहिया वाहन ने तीन बाइक पर सवार लोगों को टक्कर मार दिया । इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हैं। बीती रात करीब नौ बजे हुई इस दुर्घटना के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गये। वाहन चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**********

प्रदेश में क्षय रोगियों को खोजने के लिए नौ सितम्बर से बीस सितम्बर तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम टीबी के लक्षण वाले मरीजों को चिन्हित कर उनकी जांच करवाएंगी। बीमारी की पुष्टि होने पर मरीजों का निःशुल्क इलाज होगा। मिर्जापुर जिले के जिला क्षय रोग उन्मूलन अधिकारी डॉ अनिल कुमार ओझा ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सौ से अधिक टीमों का गठन किया गया है।

इस बीच, फाइलेरिया से बचाव के लिए प्रदेश के सत्ताईस जिलों में चलाया जा रहा सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम दो सितम्बर को समाप्त हो रहा है। गोरखपुर के जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने कहा है कि अभियान के बाद भी स्वास्थ्य केंद्रों पर इस दवा के सेवन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले में फाइलेरिया रोगी नेटवर्क, स्वयंसेवी संगठनों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद से भय व भ्रांति दूर कर विभागीय टीमें घर घर जाकर दवा खिला रही हैं।

**********